# राज्य समर्थित भीड़ तंत्र

## सूरत,गुजरात में भीड़ ने कैसे राज्य प्रशासन को मुस्लिम विरोधी कार्यवाहियों के लिए मजबूर किया

### सूरत में हुई मुस्लिम विरोधी कार्यवाही की फ़ैक्ट फ़ाइंडिंग रिपोर्ट





पत्रिका

सुप्रीम कोर्ट की आपत्ति के बाद बुलडोजर एक्शन का पहला मामला गुजरात के सूरत में

**28 उपद्रवी हिरासत में, अतिक्रमण पर बुलडोजर**

गणेश पंडाल पर पथराव हिंसा

सूरत के सैयदपुरा में रविवार रात गणपति पंडाल में पथराव के बाद मचा था उपद्रव

धैर्य रखिए... ये शहर आपका है!

सीधी बात

सरकार ने आरोपियों की संपत्तियों की मांगी जानकारी

इधर, वडोदरा में दो गणपति की प्रतिमा खंडित, आरोपी को पकड़ा

**Minority Coordination Committee Gujarat**

402, Kama Commercial Complex, Opp Mirzapur Court, Mirzapur, Ahmedabad, 079-25626230

Email- mccgujarat@gmail.com Web- www.mccgujarat.in

**सूरत, गुजरात**

सूरत शहर के वरियावी बाज़ार मेन रोड पर वारियावी बाज़ार पुलिस चौकी है, इसी चौकी से 50 से 100 मीटर पर के पास गणेश पंडाल लगा हुआ था| गणेश पंडाल पर कथित रूप से 5-6 मुस्लिम बच्चे जिनकी उम्र 8 से 10 साल की है, एक ऑटो में आए, जिसका ड्राईवर हिन्दू था और उन्होने गणेश पंडाल पर पत्थर मारे, जो वहाँ रखे हुए ढ़ोल पर लगे| लोगों ने उन बच्चों को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया| पुलिस उन बच्चों को लेकर घटना स्थल के करीब वारियावी बाजार पुलिस चौकी ले जाने के बदले लगभग 250-300 मीटर दूर सय्यदपुरा पुलिस चौकी लेकर आई| इस घटना की FIR नंबर 11210061240446 तारीख 9-9-24 की दर्ज की गयी है, जिसमे बच्चो को आरोपी बनाया गया है ओर धारा BNS की धारा 189(1), 189(2),190,298,299 के तहत दर्ज की गयी है।

इसी बीच सय्यदपुरा पुलिस चौकी पर हिंदुओं की भीड़ जमा होती गयी, जिनको हिन्दू समाज के नेताओं द्वारा फोन करके इकठ्ठा किया गया था| भीड़ लगातार बच्चों को भीड़ को सौंप दो, मियाओं के घरों पर बुलडोज़र चलाओ, पासा करो आदि चिल्ला रही थी| वहीं पर सूरत उत्तर के विधायक कांति बलर, महिला मोर्चा की नेता सेजल बेन, कॉरपोरेटर राकेश माली, आरती बेन पटेल, मेयर दक्षेश भाई मवाणी और अन्य नेता भी आ गए| वो माइक से भड़काऊ भाषण दे रहे थे| विधायक कांति बलर ने पुलिस की मौजूदगी में भीड़ को माइक से संबोधित करते हुए कहा “ કોઈ પણ મુસ્લિમ ને છોડવામાં નહીં આવે, હૂં તમારી સાથે છું, જે પકડાયા છે તેમણે છોડવામાં નહીં આવે, આ પત્થર મારો આપણે ચલાવી લેવાનો નથી, હૂં તમારી સાથે છું અને ભારતીય જનતા પાર્ટી તમારી સાથે છે” (किसी भी मुस्लिम को छोड़ा नहीं जाएगा, मैं आपके साथ हूँ, जो पकड़े गयें हें उनको छोड़ा नहीं जाएगा, हम ये पत्थर बाजी चलाएँगे नहीं, और हमको ये चलाना भी नहीं है”, इसके बाद उनके पास खड़े पुलिस के अधिकारी ने विधायक के कान में कुछ कहा| फिर विधायक ने कहा कि “बार बार किसी भी जगह पर पत्थर मारा किया है उसको सहन नहीं करना है, मैं तुम्हारे साथ हूँ भारतीय जनता पार्टी तुम्हारे साथ है), विधायक और अन्य नेताओं के उकसाने वाले भाषण के बाद भीड़ ने वहाँ खड़ी हुई कार, ऑटो और मोटर साइकलों को तोड़ा उनको सड़क पर गिरा दिया, https://www.youtube.com/watch?v=nPhBN0HG1Nw और जलाया भी वहाँ खड़ी नाश्ता बेचने वाले ठेलों को तोड़ा| भीड़ बार बार शोर मचा रही थी के इन बच्चों को बाहर निकाल कर भीड़ को सौंप दो| बाद में भीड़ गयी और जाते हुए इन लोगों ने मुसलमानों के घरों और

मस्जिद पर भी पत्थर मारे| जब भीड़ जमा हो रही थी तब मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पुलिस अधिकारियों को फोन करके पुलिस बंदोबस्त करने का अनुरोध किया था, पुलिस आई तो लेकिन मूक दर्शक बनी रही|

सय्यदपुरा पुलिस चौकी के साथ साथ कतार गाम दरवाज़ा पर पटेल पाउभाजी के सामने ख़ैर टी सेंटर के पास खड़ी मुस्लिमों की गाड़ियों को भी भीड़ ने तोड़ा और जलाया| ये सब पुलिस कि मौजूदगी में हो रहा था|

इसी दौरान राज्य के गृह राज्यमंत्री श्री हर्ष संघवी घटना स्थल वरियावी बाज़ार पर आए और उन्होने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा के सूरत शहर के लोग जब सूरज की पहली किरण के दर्शन कर रहे होंगे से पहले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा|

इसके बाद पुलिस मुस्लिम विस्तार सय्यदपुरा में घुसी और रात के लगभग 2 बजे अल इलाफ़ अपार्टमेंट के मेन गेट को खेंच कर तोड़ा और फ्लैट्स के दरवाजों को तोड़कर घरों में घुसे, घर में मौजूद औरतों, बच्चों को गंदी गंदी गलियाँ दी, घर में मौजूद पुरुषों को पकड़ कर ले गए| इसके बाद वो रोशन पार्क अपार्टमेंट में छत पर जाने के बहाने से घुसे और बाद में घरों में घुस कार पुरुषों को मारते पीटते ले गए| घर की औरतों ने जब ले जाने की वजह पूछी तो गालियां दीं| इस दौरान पुलिस वाले सीसीटीवी के डीवीआर भी लूट के ले गए जिसमे उनकी करतूत रेकॉर्ड हुई थी| पुलिस ने घटना का समय 8-9-24 को लगभग 9.45 रात का बताया है, पुलिस ने सभी लोगों को 9.9.24 को सुबह लगभग 2-3 बजे गिरफ्तार किया, लेकिन एफ़आईआर 9.9.24 को सुबह 6.30 को दर्ज की जिसका नंबर FIR नंबर 11210061240447 जिसमे ये लिखा गया है की मुसलमानो की भीड़ इकठ्ठा हुई ओर इनहोने तोड़ फोड़ की जबकि हम वीडियो मे साफ देख प रहें हैं कि हिन्दू धर्म के लोगों की भीड़ को नेताओं के द्वारा उकसाया जा रहा है, पहली FIR मे 27 मुस्लिम लोगों को नामजद किया गाय है ओर 200-300 की भीड़ लिखा गया है ओर FIR नंबर 11210061240448 जिसमे 70 से 80 की भीड़ द्वारा वाहनो में तोडफोड करने का आरोप लगाया गया है, इसमे कोई नामज़द आरोपी नहीं है, इस एफ़आईआर में 3 हिन्दू लोगों को पकड़ा ओर जमानत दे दी गयी।

अगले दिन सुबह 9.9.24 को को गृह राज्य मंत्री महोदय, सूरत पुलिस के अधिकारीगण और कार्पोरेशन के अधिकारी उसी वरयावी बाज़ार पुलिस चौकी के पास वाले गणेश पंडाल में आरती करते हैं और उसके

बाद सय्यदपुरा पुलिस चौकी के पास चाय नाश्ते के ठेलों व अस्थायी दुकानों को प्रशासन द्वारा बुलडोज़र से तोड़ दिया जाता है|

पुलिस ने आरोपियों को 10 तारीख़ को शाम 4 बजे कोर्ट में पेश किया| इस दौरान पुलिस ने इन लोगों को बुरी तरह से मारा जिस वजह से लोग सही से चल भी नहीं पा रहे थे| इन आरोपियों के घर वालों से मिलने नहीं दिया गया|

**घटना के तथ्य**

1- घटना वारियावी बज़ार पुलिस चौकी के पास हुई तो बच्चों को सय्यदपुरा पुलिस चौकी क्यों लाया गया?
2- कथित ऑटो जिसमे बच्चे आए थे उसका ड्राईवर हिन्दू था को गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया|
3- घटना (वरियावी बाज़ार मेन रोड) जहां हुई वहाँ से अल इलाफ़ अपार्टमेंट जहां से घरों के दरवाजे तोड़कर लोगों को पकड़ा की दूरी लगभग 500 से 700 मीटर की है तो पत्थर बाज़ी के आरोप झूठे हैं|
4- लोगों को पहले रात के 2 बजे पकड़ा और एफ़आईआर 9.9.24 को सुबह 6.30 को दर्ज की से पता चलता है के मामला मुसलमानों को फँसाने के लिए बनाया गया है|
5- पकड़े गए सभी लोग निर्दोष है, वरना वो घरों पर क्यों मिलते|
6- अपार्टमेंट और रोड साइड के सीसीटीवी के डीवीआर ले जाने वाले पुलिस वालों पर कोई कार्यवाही नहीं की|
7- जिस पंडाल पर पत्थर मरने का आरोप हैं वो मेन रोड है वहाँ कोई निर्माणाधीन बिल्डिंग नहीं है तो पत्थर कहाँ से आए इसलिए ये मनगड़ंत कहानी है|
8- एमएलए जिसने पुलिस के सामने भड़काऊ भाषण दिया उसके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की|
9- सय्यदपुरा पुलिस चौकी पर किन किन लोगों ने भीड़ इकठ्ठा की पर कोई कार्यवाही नहीं की|
10-वहाँ खड़ी गाड़ियों में तोडफोड करने वाले जलाने वाले लोगों को गिरफ़्तार नहीं किया उन पर कोई गंभीर धारा में केस दर्ज नहीं किया |
11-भीड़ को जमा होने देने के लिए जिम्मेदार पर कोई कार्यवाही नहीं की|

12-गैर क़ानूनी रूप से पकड़े गए लोगों को बुरी तरह से मारने वाले पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी|

**इन तथ्यों के आधार पर हमारी मांग है कि**

1- जिस वक़्त पुलिस ने मुस्लिमों को पकड़ा उस वक़्त पर तो एफ़आईआर भी दर्ज नहीं हुई थी तो पुलिस किस अधिकार, आदेश से घरों में घुसी अनधिकृत रूप से घरों में घुसने वाले पुलिस कर्मियों पर एफ़आईआर दर्ज की जाए|

2- घरों के खिड़की दरवाजे तोड़ने वाले पुलिस वालों पर तुरंत एफ़आईआर दर्ज की जाए|

3- घरों में घुसकर औरतों बच्चों को गालियां देने वाले पुलिस वालों पर तुरंत एफ़आईआर दर्ज की जाए|

4- अपार्टमेंट और रोड साइड के सीसीटीवी के डीवीआर लूट कर ले जाने वाले पुलिस वालों पर तुरंत लूट की एफ़आईआर दर्ज की जाए|

5- सूरत उत्तर के भाजपा विधायक जिसने पुलिस के सामने भड़काऊ भाषण दिया उसके विरुद्ध तुरंत एफ़आईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए|

6- घटना वारियाली बज़ार पुलिस चौकी के पास हुई तो बच्चों को सय्यदपुरा पंपिंग स्टेशन पुलिस चौकी लाने की मंशा की जांच की जाए, कि कहीं ये मुसलमानों को जानबूझ कर परेशान करने के उद्देश्य से तो नहीं किया गया की जांच की जाए?

7- जिन हिन्दू समुदाय के नेताओं ने सय्यदपुरा पुलिस चौकी पर लोगों की भीड़ जमा की उनके मोबाइल की जांच करा कर उन पर भीड़ की हिंसा के तहत एफ़आईआर दर्ज की जाए|

8- तोड़े, जलाए गए सभी वाहनों, लारियों और घर के खिड़की दरवाजे के मालिकों को मुआवजा दिया जाए|

9- गैर क़ानूनी रूप से पकड़े गए लोगों को बुरी तरह से मारने वाले पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों पर एफ़आईआर दर्ज कर गिरफ़्तार किया जाए|

10-चूंकि घटना संदिग्ध है इसलिए निष्पक्ष जांच के लिए हाई कोर्ट के सिटिंग जज से पूरी घटना कि जांच कराई जाए|

अतिरिक्त स्रोत-

**Minority Coordination Committee Gujarat**

**402, Kama Commercial Complex, Opp Mirzapur Court, Mirzapur, Ahmedabad, 079-25626230**

**Email- mccgujarat@gmail.com Web- www.mccgujarat.in**

https://timesofindia.indiatimes.com/india/anti-encroachment-drive-in-surat-area-that-witnessed-stone-pelting-at-ganesh-pandal/articleshow/113197280.cms

https://youtu.be/jdovNlrd0Fw?si=sV6hUNK5IOAU_4hY

https://youtu.be/f2EWxBTsECI?si=Au6yt15VpBd-c8uK

https://www.youtube.com/watch?v=yczrj763UuY

https://www.facebook.com/watch/?v=380454178466898

https://www.youtube.com/watch?v=Cv2Tpgt3wpI

https://x.com/CP_SuratCity/status/1833012676517343661?t=KAevts_63VHSW-4LYbJyYQ&s=19

https://x.com/sanghaviharsh/status/1832939018847482355?t=33DgRYdjbZ1O065BOLB7Jw&s=19

https://www.youtube.com/watch?v=DI4loMmVjg8

**फ़ैक्ट फ़ाइंडिंग दल के सदस्य**

**गुलाम साबेर गुलाम रसूल मलेक,** जमीयत उलेमा ए हिन्द (अरशद मदनी) सूरत

**शब्बीर हमीद मलेक,** वरिष्ठ आगेवान, सूरत ज़िला

**मोइन मेमन,** समाज सेवक

**दाऊद जे शेख**, एडवोकेट

**मुजाहिद नफ़ीस,** कंविनर मायनोरिटी कोर्डीनेशन कमेटी, गुजरात

**माइनॉरिटी कोआर्डिनेशन कमिटी (MCC) के बारे में**

गुजरात में अल्पसंख्यक समुदाय के साथ भेदभाव सामान्य रूप से देखने को मिल जाता है, इनके विस्तारों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, रक्षण का प्रश्न हमेशा रहता है| जबकि राज्य सरकार सबका साथ- सबका विकास की बात करती है| इस गैर बराबरी को समझने, अध्यन करने व संविधान के प्रावधानों समझ बढ़ाने, समाज में

जागृति लाने व सरकार के साथ पैरवी करने के लिए 18 दिसम्बर 2016 अंतर्राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर माइनॉरिटी कोआर्डिनेशन कमेटी गुजरात का गठन किया गया|

**MCC का मूल उद्देश्य हाशिये पर धकेल दिए गए अल्पसंख्यक समाज को समाज की मुख्यधारा में वापस लाना है|**



દિવ્ય ભાસ્કર

અમદાવાદ 10-09-2024

ગણેશ પંડાલ પર પથ્થરમારાની ઘટના બાદ મોડી રાત સુધી પોલીસે કોમ્બિંગ કરી 27 હુમલાખોરને પકડી પાડ્યા

# સુરતમાં પથ્થરબાજોના વિસ્તારમાં બુલડોઝર ફરી વળ્યાં

## પકડાયેલા છ સગીર આરોપી સામે કાયદાકીય પગલાં, તેમનાં માતા-પિતાની અટકાયત કરવામાં આવી

ભાસ્કર ન્યૂઝ | સુરત

સુરતના સૈયદપુરાના વરિયાવી વિસ્તારમાં ગણેશ પ્રતિમા પર કેટલાક મુસ્લિમ કિશોરોએ રવિવારે રાત્રે પથ્થરમારો કરતા તંગદિલી સર્જાઈ હતી, જેને પગલે સમગ્ર વિસ્તારમાં ભારેલા અગ્નિ જેવી સ્થિતિ જોવા મળી હતી. પોલીસે લાઠીચાર્જ અને ટીયરગેસના સેલ છોડી મોડી રાત્રે 2 વાગ્યે પરિસ્થિતિ કાબૂમાં લીધી હતી. આ મામલે સોમવારે 27થી વધુ લોકોની પરપકડ કરી હતી. પકડાયેલા છ સગીર સામે કાયદાકીય કાર્યવાહી સાથે તેમના માતા-પિતાની પણ અટકાયત કરવામાં આવી છે.

બીજી તરફ મોડી રાત્રે પથ્થરમારાની ઘટના બાદ સૈયદપુરા પોલીસ ચોકીને ગણેશભક્તોએ ઘેરી લઈ બુલડોઝર...બુલડોઝર ના નારા લાગ્યા હતા ને સોમવારે સવારે અત્યાર સુધી નહીં દૂર થઈ શકેલા દબાણો પર પાલિકાનું બુલડોઝર ફરી વળ્યું હતું. સેન્ટ્રલ ઝોન દ્વારા દબાણ હટાવવાની કાર્યવાહી હાથ પરતાં સૈયદપુરા ચોકી પાસેના શેડ દૂર કરતી વખતે તેમજ હોળી બંગલા પાસેના દબાણો દૂર કરતાં વિરોધ થયો હતો જેકે પોલીસ કાફલાની સાથે રાખીને આ દબાણો દૂર કરવામાં આવ્યા હતા.

## સરકાર જમીન પર ભાજપ લઘુમતી મોરચાના પ્રમુખનાં જ દબાણો હતાં

પાલિકાની ટીમે પોલીસને સાથે રાખીને સૈયદપુરા વિસ્તારમાં વર્ષો જૂના દબાણો તોડી પાડ્યા હતા.

## મોડી રાત્રે પોલીસ હુમલાખોરોના ઘરના દરવાજા તોડીને પકડી લાવી

મોડી રાત્રે બનેલી પથ્થરમારાની ઘટના બાદ પોલીસે સ્થિતિ કાબૂમાં લીધા બાદ હુમલાખોરોની શોધખોળ હાથ ધરી હતી અને ઘરની અંદર સંતાયેલા આરોપીને શોધીને પકડી લાવી હતી.

## પોલીસે અને એસઆરપીએ સાથે ફ્લેગમાર્ચ કરી

રવિવારે રાતથી સૈયદપુરા પોલીસ ચોકીની આસપાસના 4 કિલોમીટરના એરિયામાં 32 પોઈન્ટ પર 224થી વધુ પોલીસકર્મીઓને ગોઠવી દેવામાં આવ્યા છે. એસઓજી, ક્રાઈમબ્રાંચ સહિતની વિવિધ ટીમો પણ ત્યાં તૈનાત કરવામાં આવી છે. સુરત પોલીસે એસઆરપીના જવાનો સાથે સોમવારે સવારે 8.30 વાગ્યે 4 કિલો મીટર સુધી ફ્લેગમાર્ચ કરી હતી. આ સાથે ફરાર થયેલા હુમલાખોરોની શોધખોળ પણ શરૂ કરવામાં આવી છે.

## જે કોઈ કાયદામાં રહેશે તે કાયદામાં રહેશે: હર્ષ સંઘવી

'પથ્થરમારો કરનાર લોકો સમાજના કસૂરવાર છે. આ પ્રકારના યુવાનોને મુસ્લિમ સમાજ સમજાવવાનો પ્રયાસ કરે. મદરેસા અને મસ્જિદ સહિત અન્ય ધાર્મિક સંસ્થાના લોકો યુવાનોને સમજાવશે આ ઘટનામાં કોઈને પણ છોડવામાં નહીં આવે. જે કોઈ કાયદામાં રહેશે તે કાયદામાં રહેશે.' » હર્ષ સંઘવી, ગૃહ રાજ્યમંત્રી

## ઘટના વરિયાવી બજારમાં કાર્યવાહી સૈયદપુરામાં કેમ?

મોડી રાત્રે ઘટના વરિયાવી બજારમાં બની પરંતુ પાલિકાએ સૈયદપુરામાં આવેલા દબાણો કેમ હટાવ્યા તે એક સવાલ છે. સૈયદપુરના કબ્રસ્તા પાસે પડેલી ખાલી જગ્યામાં આજુબાજુના મહોલ્લાના લોકોની લારીઓ પડેલી હોય છે. તેની સાથે મારે કોઈ લેવાદેવા નથી. » મોહસીન મીરઝા, પ્રમુખ, ભાજપ લઘુમતી મોરચા સુરત શહેર

## ભાજપ નેતાનો ભાઈ ભાડું વસૂલતો હોવાનો આક્ષેપ

સૈયદપુરા પોલીસ ચોકીની બાજુની જગ્યા સુડાની છે પરંતુ સ્થળ પરથી જાણવા મળ્યા મુજબ પતરાના શેડ સ્થાનિક સાજિદ મીરઝાના છે તે ભાજપના લઘુમતી મોર્ચાના અધ્યક્ષ મોહસીન મીરઝાના ભાઈ છે. આ જગ્યા ભાડેથી આપી ને મીરઝા ભાડું પણ વસૂલે છે. જોકે, લઘુમતી મોરચા અધ્યક્ષ મોહસીન મીરઝાએ ભાડું વસૂલવા અંગે ઈનકાર કર્યો હતો.





## વિધર્મી અનૂની બાળકોને ગણપતિના મંડપ સુધી લાવનારો રિક્ષાચાલક હિન્દુ, પોલીસે છોડી મૂક્યો

**વ્યાપક** કોમી તંગદિલી સર્જનારા મુસ્લિમ બાળકોને મોકલ્યા કોણે? રિક્ષાચાલક અજાણતા લાવ્યો? જેવા અનેક પ્રશ્નો વણઉકેલ્યા

**વાયરલ** વિડીયોમાં રિક્ષાચાલક પોતાને છોડી દેવાની આજીજી કરતો દેખાયો, પોલીસે છોડી દીધો

[illegible]

### શા માટે આખી ઘટના છે વિવાદમાં?

[illegible]

### શું કહે છે શહેર પોલીસ કમિશનર

[illegible]




**Minority Coordination Committee Gujarat**

**402, Kama Commercial Complex, Opp Mirzapur Court, Mirzapur, Ahmedabad, 079-25626230**

**Email- mccgujarat@gmail.com Web- www.mccgujarat.in**

For live updates : Like /Gujaratmitra | Follow /Gujaratmitra | /Gujaratmitr | Subscribe /G

# પોલીસચોકી પાસે કોઈ બાંધકામ ચાલતું નથી તો પથ્થર આવ્યા ક્યાંથી?

**સૈયદપુરામાં પથ્થરમારામાં સંડોવાયેલા આરોપીઓના ત્રણ દિવસના રિમાન્ડ**

**રિમાન્ડના કારણો**

## વિધર્મી ઝનૂની બાળકોને ગણપતિના મંડપ સુધી લાવનારો શિક્ષાચાલક હિન્દુ, પોલીસે છોડી મૂક્યો

**શા માટે આખી ઘટના છે વિવાદમાં?**

**શું કહે છે શહેર પોલીસ કમિશનર**


**Minority Coordination Committee Gujarat**

402, Kama Commercial Complex, Opp Mirzapur Court, Mirzapur, Ahmedabad, 079-25626230

Email- mccgujarat@gmail.com Web- www.mccgujarat.in